नर्मदा को जल्द ठीक किया जाएगा

सांचौर @ पत्रिका. सिंचाई मंत्री डॉ. रामप्रताप चौधरी ने रविवार को क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई नर्मदा नहर परियोजना को नजदीक से देख स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सिंचाई मंत्री नर्मदा मुख्य कैनाल के मरम्मत कार्य को लेकर शीघ्र कार्य शुरू करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को समय पर सिंचाईके लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। टूटी नहर के मरम्मत का कार्य निर्धारित को समय सीमा में बांधने से इनकार करते हुए कहा नहर का बाढ़ की वजह हुए नुकसान का आकलन हो चुका है। अब शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान सांसद देवजी पटेल ने सांचौर लिफ्ट कैनाल के जगह-जगह टूट जाने को लेकर जानकारी दी। वहीं पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी ने सांचौर लिफ्ट कैनाल के जगह-जगह से बाढ़ की वजह से बिखर जाने पेयजल किल्लत होने की समस्या बताते हुए कहा पिछले दो माह से शहर में पेयजल किल्लत की भारी कमी होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई मंत्री ने पेयजल स्कीम के तहत सांचौर लिफ्ट कैनाल के टूटकर बिखरने को करीब से देखते हुए नर्मदा मुख्य अभियन्ता राजीव डूडी से मामले में बरती जा रही ढिलाई के बारे में पूछने पर उन्होंने कार्य के लिए बजट स्वीकृति के बाद कार्य शीघ्र ही पूरा होने की बात कही। इस मौके सांसद देवजी पटेल, भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी, जिला प्रमुख डॉ. वन्नेसिंह गोहिल, पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, चितलवाना प्रधान हनुमान भादू, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, पालिका उपाध्यक्ष दिलीप राठी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दुर्गाराम चौधरी, मंडल चितलवाना अध्यक्ष भरत वैष्णव, पार्षद योगेश जोशी, बाबूनाथ गोस्वामी, सांचौर थाना प्रभारी मांगीलाल, नर्मदा अधिशासी अभियन्ता जे.पी. माथुर मौजूद थे।

धुड़वा सहरद में बाढ़ से टूटी मुख्य कैनाल का अवलोकन करते सिंचाई मंत्री।

पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण

सिंचाई मंत्री डॉ. रामप्रताप चौधरी ने गोलासन स्थित पम्पिंग स्टेशन का दौरा कर पम्पिंग स्टेशन में बाढ़ के पानी के घुस जाने के बाद की स्थिति के बारे में अधिकारियो से जानकारी ली। इस दौरान पम्पिंग स्टेशन से करीब दस किमी तक के परिक्षेत्र में लिफ्ट कैनाल के टूट जाने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पम्पिंग स्टेशन से सीलू की ओर पूर्ण रूप से बिखरी लिफ्ट कैनाल के करीब एक किमी तक के क्षेत्र को पैदल चलकर देखा। इस दौरान ग्रामीणों से भी नहर के बारे में जानकारी ली। इस दौरान नर्मदा के मुख्य अभियन्ता राजीव डूडी ने कहा कि लिफ्ट कैनाल के टूट जाने से इस कार्य को करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सिंचाईमंत्री को बताई।

किलवा मुख्य नहर का भी निरीक्षण

सिंचाई मंत्री ने धुड़वा, किलवा, फालना, लाछड़ी, अगार में टूटी नर्मदा कैनाल का भी निरीक्षण किया। वहीं नर्मदा के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की कार्य योजना में शामिल कर शुरू करने के निर्देश दिए।